भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2067
उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026

बीएसएनएल का 4जी/5जी रोलआउट और नेटवर्क कवरेज की स्थिति

2067. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेरः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा 5जी को लागू किए जाने की वर्तमान स्थिति क्या है और अन्य दूरसंचार सेवाप्रदाताओं की तुलना में इसमें विलंब के क्या कारण हैं;

(ख) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा राष्ट्रव्यापी स्तर पर 4जी और 5जी सेवाओं को लागू करने के लिए संशोधित समय-सीमा क्या है और अब तक कितनी कवरेज प्राप्त की गई है;

(ग) देश भर में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी के अंतर्गत बीएसएनएल के समग्र नेटवर्क कवरेज का तत्संबंधी सर्कल-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के उपभोक्ता आधार, राजस्व और बाजार हिस्सेदारी पर नेटवर्क आधुनिकीकरण में विलंब के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार प्रचालक के रूप में व्यवहार्य और प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए प्रदान किए जा रहे नीतिगत, वित्तीय और प्रचालनात्मक सहायता उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप, बीएसएनएल ने पूरे भारत में संस्थापन हेतु स्वदेशी रूप से विकसित एक लाख 4जी उपकरणों के लिए क्रय आदेश दिया है। 4जी उपकरणों की आपूर्ति सितंबर 2023 से शुरू हो गई है। 15.01.2026 में, कुल 97,672 4जी साइट स्थापित की गई हैं और 95,511 साइट ऑन-एयर हैं। प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण से यह उपकरण 5जी में अपग्रेड करने योग्य है।

(ख) वर्तमान में, बीएसएनएल 1 लाख 4जी टावरों की संस्थापना कर रहा है और इसके आगे विस्तार करने पर बीएसएनएल तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार टावरों की संख्या में लगातार वृद्धि कर रहा है।

(ग) कुल 6,41,525 गांवों (2011 की जनगणना के अनुसार) में से बीएसएनएल देश भर में 4,35,070 गांवों को कवर कर रहा है। बीएसएनएल के कवरेज का सर्कल-वार ब्यौरा अनुबंध-I में संलग्न है।

(घ) और (ङ) बीएसएनएल/एमटीएनएल को मजबूत करने और उन्हें सुदृढ़, प्रतिस्पर्धी और व्यवहार्य बनाने के उद्देश्य से, सरकार ने बीएसएनएल/एमटीएनएल के लिए लगभग 3.22 लाख करोड़ रुपये के तीन पुनरुद्धार पैकेजों को मंजूरी दी है। इन पैकेजों में, अन्य उपायों में, पूंजी निवेश, ऋण पुनर्गठन, ग्रामीण टेलीफोनी के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण और 4जी/5जी स्पेक्ट्रम का प्रावधान शामिल है।

बीएसएनएल को दिए गए पुनरुद्धार पैकेजों के परिणामस्वरूप, बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2020-21 से प्रचालनात्मक लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है।

11.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2067 का अनुलग्नक-I

31.12.2025 तक बीएसएनएल का ग्रामीण कवरेज

क्र.सं.	सर्कल	कुल गांव (जनगणना 2011)	बीएसएनएल की सेलुलर सेवाओं से कवर किए गए गांवों की संख्या
1	उत्तर प्रदेश (पूर्व)	80,029	73,652
2	मध्य प्रदेश	54,903	24,394
3	ओडिशा	51,313	26,018
4	बिहार	44,874	29,064
5	राजस्थान	44,672	26,111
6	महाराष्ट्र	43,999	28,705
7	पश्चिम बंगाल	40,218	33,767
8	झारखंड	32,394	19,673
9	कर्नाटक	29,340	17,894
10	उत्तर प्रदेश (पश्चिम)	26,745	14,740
11	असम	26,395	20,772
12	हिमाचल प्रदेश	20,690	17,009
13	छत्तीसगढ़	20,125	14,186
14	गुजरात	18,309	10234
15	आंध्र प्रदेश	17,366	12848
16	उत्तराखंड	16,793	13207
17	तमिलनाडु	14,433	12,162
18	पंजाब	12,592	12,087
19	तेलंगाना	10,434	9,104
20	पूर्वोत्तर II	9,532	4,435
21	पूर्वोत्तर I	8,544	2,089
22	हरियाणा	6,841	4,332
23	जम्मू और कश्मीर	6,553	4,489
24	चेन्नई (टीडी)	1,636	1,635
25	केरल	1,039	1,036
26	कोलकाता (टीडी)	750	727
27	अंडमान और निकोबार	555	372
28	सिक्किम	451	328
कुलयोग		**6,41,525**	**4,35,070**

*****